

# राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम: अधिकतर पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर (FAQ)

**विषय: RKSMBK एप्प**

### 1. मैं एप्प कैसे डाउनलोड करूं?

आप इस लिंक के माध्यम से एप्प डाउनलोड कर सकते हैं:
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.SKBK

### 2. एप्प किसके लिए है?

यह एप्प कक्षा 3 से 8 के अंग्रेजी, हिंदी या गणित पढ़ाने वाले शिक्षकों की लिए है जो की ब्रिज पीरियड में कार्यपुस्तिका द्वारा रेमेडिएशन करवा रहे हैं।

### 3. एप्प का उद्देश्य क्या है?

पहले चरण में इस एप्प का उद्देश्य 'ब्रिज कालांश' के दौरान होने वाली मुख्य कार्यों में मदद करना है, जैसे समूहीकरण, गतिविधि आधारित शिक्षण, कार्य पुस्तिका (वर्क बुक) हल करना

### 4. एप्प के अन्य चरण क्या हैं?

दूसरे चरण में शिक्षकों के असेसमेंट के करेक्शन एवं डाटा एंट्री का भार कम होगा। शिक्षक विद्यार्थी के उत्तर पत्र का एक फोटो खीचेंगे एवं डाटा automatically digitize हो जाएगा । तीसरे चरण में शिक्षकों को विद्यर्थियों के प्रदर्शन के अनुसार अपने कक्षा की जानकारी मिलेगी, जैसे किन दक्षताओं पर विशेष ध्यान देना है, किन विद्यार्थियों को कौन सी दक्षता समझ नहीं आयी आदि। साथ ही शिक्षक को वीडियोस के माध्यम से दक्षता को गतविधियों द्वारा पढ़ाने के सुझाव मिलेंगे ।

5. **मुझे फ़ोन पर ओटीपी नहीं मिल रहा है?**

कृपया यह सुनिश्चित करें कि आपका वर्तमान मोबाइल नम्बर और शाला दर्पण में आपके स्टाफ आईडी से टैग मोबाइल नम्बर एक ही है । यदि ये दोनों मोबाइल नम्बर एक ही हैं और तब भी आपको ओटीपी नहीं मिल रहा है, आप दो मिनट के बाद फिर से ओटीपी के लिए प्रयास कर सकते हैं ।

6. **मेरा वर्तमान मोबाइल नम्बर मेरे शाला दर्पण में स्टाफ आईडी से टैग मोबाइल नम्बर से अलग है । अब मुझे क्या करना चाहिए?**

कृपया शाला दर्पण पर अपने नए मोबाइल नम्बर को अपडेट करें ।

7. **मैं 'मेरा प्रोफाइल' पेज कहां देख सकता/सकती हूँ?**

'मेरा प्रोफाइल' पेज खोलने के लिए आप सबसे ऊपर बाएं तरफ प्रोफाइल चित्र पर क्लिक कर सकते हैं ।

8. **मैं एप्प पर अपनी फोटो कैसे लगा सकता हूँ?**

शाला दर्पण पर अपना फोटो अपडेट कीजिए ।

9. **सिक्के या मेडल कब मिलेंगे?**

जैसे जैसे आप अपने शिक्षण कार्य (विद्यार्थियों का समूह निर्माण, शिक्षण गतिविधि, कार्यपत्रक (वर्कशीट) पर अभ्यास, कार्य पुस्तिका (वर्क बुक) का आकलन, विद्यार्थियों को फीडबैक) पूरा कर लेते हैं, आप इसे एप्प पर चिन्हित कर सकते हैं। एप्प पर कार्य को सफलतापूर्वक पूरा कर लेने पर आपको या तो सिक्के मिलेंगे या फिर एक मेडल ।

### 10.मैं कहां पर और किससे अपने मेडल शेयर कर सकता हूँ?

आप व्हाट्सएप्प, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर मेडल शेयर कर सकते हैं । आप जिससे भी चाहे मैडल शेयर कर सकते हैं और उन्हें आपके द्वारा किये गए अच्छे काम के बारे में बता सकते हैं ।

### 11.मैं अपने सभी मेडल और सिक्के कहां देख सकता/सकती हूँ?

पेज के निचले हिस्से में 'उपलब्धियां' टैब पर क्लिक करके आप अपने सभी मेडल और सिक्के देख सकते हैं ।

### 12.मेरे पास बहुत सारे सिक्के हैं। इनका क्या उपयोग है?

सिक्के और मैडल के आधार पर, अप्प के अगले चरण में आपको निदेशक महोदय और शिक्षा विभाग की ओर से एक डिजिटल सर्टिफिकेट मिलेगा जिसको आप डाउनलोड करके शेयर भी कर सकते हैं ।

### 13.मुझे एप्प का उपयोग विद्यालय समय में करना चाहिए या विद्यालय समय के बाद?

आप अपनी सहूलियत के अनुसार एप्प का उपयोग कर सकते हैं । एप्प में मुख्य कार्य देखने में या उसे अपडेट करने में कुछ पल ही लगते हैं ।

### 14.मैं शैक्षणिक एप्प में प्रतिदिन एक से अधिक कार्य क्यों नहीं पूरा कर सकता?

एप्प आपके मदद के लिए बनाया गया है। इसका उद्देश्य निरीक्षण करना नहीं है और न ही "नेक्स्ट -नेक्स्ट " क्लिक कर आगे बढ़ना है। कक्षा में वास्तविक रूप में शिक्षक एक विषय को पढ़ते हुए एक ही कार्य कर सकते है (जैसे अभ्यास कराना, गतिविधि कराना आदि )। app को उसी वास्तविकता को दर्शाते हुए बनाया गया है।

## 15.यदि मैं किसी एक कार्य को छोड़ दूँ, तब क्या होगा?

आपको उस कार्य के सिक्के नहीं मिलेंगे और ना ही उसके लिए मेडल । आपसे किसी भी शिक्षण कार्य को नहीं छोड़ने की अनुशंसा की जाती है, क्योंकि इससे विद्यार्थी की पढ़ाई पर असर पड़ता है । परन्तु ज़्यादा ज़रूरी यह सोचना है की उस कार्य को अगर आप स्किप करेंगे तो विद्यार्थियों की दक्षता वृद्धि में उसका क्या असर होगा ।

## 16.जब मैं दक्षता शिक्षण का एक साइकिल पूरा कर लूं, तब क्या होगा?

आप अगली दक्षता को पढ़ाने का साइकिल शुरू कर सकते हैं।

## 17.मैं एप्प को अपडेट कैसे कर सकता/सकती हूँ?

जब भी एप्प का नया 'वर्जन' प्ले स्टोर पर उपलब्ध होगा, एप्प को अपडेट करने की सूचना स्क्रीन पर आएगी। आप अपडेट बटन पर क्लिक करके या प्ले स्टोर पर जाकर एप्प को अपडेट कर सकते हैं।